802 A & B, Konnectus Tower-II, Bhavabhuti Marg, DMRC Building, New Delhi - 110002., Email: idexdio@ddpmod.gov.in
Website : https://idex.gov.in/

पीई विज्ञापन/2023/02 **दिनांक**: 09/05/2023

प्रोग्राम कार्यपालक (पीई) के पद के लिए विज्ञापन

डिफेंस इन्नोवेशन ऑर्गनाइजेशन (डीआईओ) अपनी iDEX टीम के लिए 5 प्रोग्राम कार्यपालक (पीई), (संविदा आधार पर) की भर्ती करना चाहता है, जिनके पास नवोन्मेष और उद्यमिता को बढ़ावा देने और मूल स्तर पर जागरूकता पैदा करने का अनुभव हो। कार्य का विस्तृत विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

डेफएक्सपो 2018 के दौरान अप्रैल 2018 में शुरु किया गया इन्नोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX) फ्रेमवर्क का प्राथमिक उद्देश्य एमएसएमई, स्टार्ट-अप, व्यक्तिगत इनोवेटर्स, आर एंड डी संस्थान और शिक्षा जगत सहित उद्योगों को शामिल करते हुए भारत में रक्षा और एयरोस्पेस में नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक परितंत्र का निर्माण करना तथा उन्हें भारतीय रक्षा और एयरोस्पेस की जरूरतों के लिए भविष्य में अपनाने हेतु उत्पाद और सेवाएं बनाने के लिए अनुदान / वित्त-पोषण और अन्य सहायता प्रदान करना है।

iDEX डिफेंस इन्नोवेशन ऑर्गनाइजेशन (डीआईओ) की कार्यकारी शाखा है, जो iDEX फ्रेमवर्क लागू करते हुए भारत में रक्षा क्षेत्र में उद्यमिता और नवोन्मेष परितंत्र के निर्माण में रक्षा मंत्रालय का सहयोग करने के लिए रक्षा पीएसयू एचएएल और बीईएल द्वारा निर्मित एक कानूनी संस्था, धारा-8 की कंपनी है।

<u>आवेदन पत्र जमा करना</u>

- इच्छुक अभ्यर्थी **29 मई 2023** को **शाम 5:00** बजे तक वेबसाइट www.idex.gov.in के **करियर सेक्शन** में आवेदन करें।
- आवेदन पत्र में **आवेदन पत्र के साथ अपलोड की गई एकल पीडीएफ फाइल (आकार में 5 एमबी से अधिक नहीं)** में **संक्षिप्त विवरण** होना चाहिए।
- कृपया ध्यान दें कि आवेदन जमा करने की निर्धारित विधि (फ़ाइल आकार सहित लेकिन यहीं तक सीमित नहीं) में किसी प्रकार का परिवर्तन करने पर आवेदन को तत्काल अयोग्य किया जा सकता है।
- डीआईओ भर्ती प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं करेगा और न ही यह किसी भी तरह से आवेदकों को अपने भर्ती निर्णय को समझाने के लिए बाध्य है।
- शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को नई दिल्ली में व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है।
- नियुक्ति से संबंधित अन्य निबंधन व शर्तें शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को बाद में सूचित की जाएंगी।

नोट- डिफेंस इन्नोवेशन ऑर्गनाइजेशन बिना कोई कारण बताए, नियुक्ति प्रक्रिया या संविदा को किसी भी समय समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

अनुबंध-I

कार्य विवरण - प्रोग्राम कार्यपालक		
1	पद का नाम	प्रोग्राम कार्यपालक
2	पदों की संख्या	05 (अनंतिम – वास्तविक संख्या अलग हो सकती है)
3	भर्ती की विधि	संविदा आधार पर
4	आयु सीमा	यथा 29 मई 2023 को अभ्यर्थी की आयु 30 वर्ष से कम होनी चाहिए।
5	संविदा की अवधि	प्रारंभ में 2 वर्ष की अवधि के लिए (5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है - डीआईओ बोर्ड की सिफारिश पर एक बार में एक वर्ष)। यदि कोई अभ्यर्थी **दो वर्ष** की अवधि पूरा होने से पहले छोड़ देता है, तो उसे कोई कार्य प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा।
6	पारिश्रमिक (प्रति महीने)	रुपये 1,00,000/- प्रति माह की कुल समेकित राशि जिसमें से रु. 20,000/- प्रति माह मासिक मूल्यांकन के आधार पर कार्य-निष्पादन आधारित वेतन होगा, जिसमें परिवहन भत्ता और सभी कर शामिल होंगे। संतोषजनक कार्य-निष्पादन के अधीन 10,000/- रुपये प्रति माह की वार्षिक वेतनवृद्धि दी जाएगी।
7	शैक्षणिक योग्यता	**अनिवार्य** • 02 वर्षों के प्रासंगिक अनुभव के साथ विज्ञान, प्रबंधन, प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता है। अथवा • प्रासंगिक और पर्याप्त अनुभव के साथ स्नातक डिग्री धारक – इनका मानदंड 04 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव के साथ स्नातक डिग्री होगा। **वांछनीय** • नवोन्मेष और उद्यमिता परितंत्र में अनुभव। • परामर्श, परियोजना प्रबंधन या आईटी प्रचालनों में अनुभव।
8	कार्य का विवरण	निम्नलिखित में से किसी एक iDEX गतिविधि से संबंधित विशिष्ट परियोजनाओं का प्रबंधन करते हुए iDEX प्रबंधन टीम का समर्थन करना- • प्रोग्राम प्रचालन • सहयोग और साझेदार प्रबंधन • गुणात्मक और प्रमात्रात्मक विश्लेषण • संप्रेषण और आउटरीच • प्रलेखन और अनुपालन • अनुदान प्रबंधन • समय-समय पर सौंपा गया कोई अन्य कार्य।